# नाम राधा रानी का | By Kashish Sharma

मिश्री से मीठा लागे नाम राधा रानी का
मेरे मन में भाव जगा दे नाम राधा रानी का

नाम जुबां पर लाड़ली जी का जब किसी के आता है
दुनियादारी छोड़ के फिर वो राधा का हो जाता है
मैं तो रटती ध्यान लगा के नाम राधा रानी का
मेरे मन में भाव जगा दे नाम राधा रानी का

बरसाना की छोरी का तो नहीं कोई भी सानी है
मैं ही नहीं कहती हूँ बात ये कान्हा ने भी मानी है
सारे संकट दूर भगा दे........
मैं तो रटती ध्यान लगा के नाम राधा रानी का
मेरे मन में भाव जगा दे नाम राधा रानी का

रिश्ते नाते सब हैं झूठे सच्चा श्री जी का नाम है
लेकर देखो प्रेम भाव से मिलता बड़ा आराम है
सब सोये भाग्य जगा दे .........
मैं तो रटती ध्यान लगा के नाम राधा रानी का
मेरे मन में भाव जगा दे नाम राधा रानी का

विक्की शर्मा श्री चरणों में बैठ यही एक आस करे
नाम ये गूंजे इस जग में बस इतनी ही अरदास करे
सारे जग में धूम मचा दे .........
मैं तो रटती ध्यान लगा के नाम राधा रानी का
मेरे मन में भाव जगा दे नाम राधा रानी का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-kashish-sharma/